पत्र सं0–1/स्था0 (14) 15/2023...../

बिहार सरकार

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

प्रेषक,

नीरज कुमार देवनाथ,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

डॉ0 उमा शंकर,
भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी,
इस्माईलपुर, भागलपुर।

पटना–15, दिनांक–...../2026

विषय :– प्रतिनियुक्ति के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार आपके द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, बिहार को सम्बोधित आवेदन पत्र (संदर्भ सं0(MMPDA)–2026051805) द्वारा बिहार पशु चिकित्सा परिषद, पटना अन्तर्गत पशु चिकित्सा पदाधिकारी अथवा बिहार सरकार के किसी अन्य विभाग अन्तर्गत विशेष कार्य पदाधिकारी/निजी सचिव के पद पर प्रतिनियुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

विदित हो कि बिहार पशु चिकित्सा परिषद, पटना में बिहार पशु चिकित्सा सेवा के दो पदाधिकारी पूर्व से प्रतिनियुक्त हैं। राज्य के प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालयों में पशु चिकित्सकों की कमी के कारण पशु चिकित्सीय कार्यों एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उक्त के आलोक में आपका उक्त अनुरोध सम्प्रति विचारणीय नहीं है।

साथ ही सूचित करना है कि राज्य सरकार के किसी भी विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी/निजी सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति से संबंधित विषय विभाग के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है।

विश्वासभाजन

ह0/–

सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांकः–1/स्था0 (14) 15/2023.....5812...../पटना, दिनांक–.....29/10...../2026

प्रतिलिपिः– विभागीय आई0टी0 मैनेजर को मुख्यमंत्री सचिवालय के पत्रांक–5701696, दिनांक–29.09.2026 के आलोक में संबंधित पोर्टल पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28.10.26

सरकार के अवर सचिव